## स्वस्थ शरीर के लिए योग अत्यधिक जरूरी : शिवराज सिंह

**चूरू, (कासं.)।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से उपनिदेशक नरेन्द्र सिंह शेखावत के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास परियोजना चूरू ग्रामीण के सैक्टर सिरसला में शनिवार को बाल विकास परियोजना अधिकारी शिवराज सिंह की अध्यक्षता में आयुष विभाग के सहयोग से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिये योग शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर योग प्रशिक्षक सरिता सिहाग ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को योगाभ्यास करवाकर योग का प्रशिक्षण दिया और जीवन में योग के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी शिवराज सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिये योग अत्यधिक जरूरी है। योग के बिना जीवन अधूरा है। इस अवसर पर सैक्टर सिरसला की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व महिला पर्यवेक्षक शीतल बत्रा उपस्थित थीं।

# राणी सती मंदिर में दिन दहाड़े चोरी, मंदिर से बर्तन, घंटी व घंटाल ले गये चोर

**सादुलपुर, (निसं)।** सादुलपुर में गत कई दिनों से चोरों का आतंक मचा हुआ है, तथा आए दिन चोरों के द्वारा शहर में चोरियों को अंजाम देने के कारण आमजन में रोष व्याप्त है। कहीं चोर दूकान को तो कहीं मकान घरों के साथ-साथ अब मंदिरों को भी निशाना बनाने लगे हैं। ठीक ऐसा ही मामला वार्ड नं 1० में स्थित राणी सती मंदिर में-देखने को मिला, जहां राणी सती मंदिर से अज्ञात चोर दिन दहाडे मंदिर में रखे पीतल व काशी के बर्तन सहित घंटी ले उडे।-जिससे स्थानीय लोगों में रोष है।

पुजारी गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि वे मंदिर परिसर में बने मकान में आराम कर रहे थे। थोडी देर बाद देखा तो मंदिर का सामान बिखरा हुआ मिला। देखने पर मंदिर में रखी काशी व पीतल के बर्तन सहित काशी की घंटी, लोटा, घण्टाल आदि गायब मिले। जो अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात के बाद राणी सती मंदिर के पुजारी गिरधारी लाल शर्मा ने पुलिस को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की माँग की है। वहीं दी गई शिकायत में लिखा है कि वह कई सालों से मंदिर में पूजा अर्चना करता है। शनिवार सुबह मंदिर को खोलकर पूजा आरती कि व साफ सफाई करके करीब एक बजे मंदिर परिसर में बने मकान में आराम कर रहा था, तभी पीछे से किसी अज्ञात चोर ने मंदिर का सामान चुरा लिया। पुलिस ने पुजारी की रिपोर्ट पर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर जांच शुरू कर दी है।

राणी सती मंदिर में चोरी के बाद रोष जताते लोग व मंदिर में पड़ी पूजा सामग्री ।

- **सादुलपुर में गत कई दिनों से चोरों का आतंक मचा हुआ है, तथा आए दिन चोरों के द्वारा शहर में चोरियों को अंजाम देने के कारण आमजन में रोष व्याप्त है**

## श्री बाबा गंगाराम मेला आज, बड़ी संख्या में झुंझुनूं पहुंचे प्रवासी

**झुंझुनूं, ।** श्री पंचदेव मंदिर बाबा गंगाराम धाम में रविवार को श्री बाबा गंगाराम मेला धूमधाम से आशीर्वाद दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उक्त समारोह के लिए जोर शोर से तैयारियां की गई है। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं ध्वज-पताकाओं से सजाया गया है। इस अवसर पर विशाल भजन संध्या, अमृतवाणी-पाठ, नृत्य-नाटिकाएं एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

बाबा के दरबार में छप्पन-भोग की झांकी सजाई जाएगी। कोलकाता के कारीगरों द्वारा दरबार में फूलों की सजावट की गई है। देश के विभिन्न भागों से भक्तगण बड़ी संख्या में यहां पधार रहे हैं। कार्यक्रम में शाम चार बजे से श्री पंचदेव मंदिर परिसर में विशाल भजन-संध्या होगी। भजन संध्या में कोलकाता के सुप्रसिद्ध भजन-गायक नवीन जोशी कोलकाता, अमोल शुभम कोलकाता सहित कई कलाकार संगीतमय भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर प्रधान-मंड एवं मंदिर परिसर में आकर्षक पुष्प-सज्जा, विद्युत्-सज्जा की गई है। महोत्सव को लेकर मंदिर के पट पूरे दिन खुले रहेंगे एवं श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन का सिलसिला सारे दिन चलेगा। रेवाड़ी की सुप्रसिद्ध स्वचालित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। महोत्सव का प्रारंभ प्रातः देव प्रतिमाओं के सहस्त्राभिषेक एवं महामंगला आरती से होगा। उसके बाद सुबह 8.30 बजे से श्रद्धेय अनिल मोदी के सानिध्य में संगीतमय श्री बाबा गंगाराम अमृतवाणी का समवेत स्वर में पाठ नवीन जोशी द्वारा किया जाएगा।

जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरूष भाग लेंगे एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। प्रतिवर्ष बैसाख कृष्ण चतुर्थी को बाबा गंगाराम के परम आराधक भक्त शिरोमणि श्रीदेवकीनंदनजी एवं परम आराधिका माता गायत्री देवी का आशीर्वाद दिवस बाबा के मुख्य धाम सहित विभिन्न स्थानों में मनाया जाता है। श्रद्धालुजन बाबा के दरबार में मनौतियां करते हुए अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। बाबा गंगाराम सेवा समिति द्वारा महोत्सव की सफलता के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए है।

- **श्री पंचदेव मंदिर बाबा गंगाराम धाम में रविवार को श्री बाबा गंगाराम मेला धूमधाम से आशीर्वाद दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उक्त समारोह के लिए जोर शोर से तैयारियां की गई है**

# आर.टी.आई. की सूचना नहीं देने पर अधिशाषी अधिकारी पर लगा दो हजार का जुर्माना

**पाटन, (निसं)।** आरटीआई एक्टिविस्ट धर्मपाल सैनी छावणी नीमकाथाना ने सूचना के अधिकार के तहत नगरपालिका अधिशाषी अभियंता नीमकाथाना से क्षेत्र में अवैध निर्माण के पांच बिंदुओं पर सूचना चाही गई थी। सूचना नहीं मिलने पर सैनी ने राज्य सूचना आयोग को शिकायत की इस पर राज्य सूचना आयोग ने अधिशाषी अधिकारी नीमकाथाना को धारा 20 एक के तहत तीन नोटिस दिए, परंतु लोक सूचना अधिकारी ने नोटिस की अनदेखी कर आयोग में कोई परिवादोत्तर प्रस्तुत नहीं किया और ना ही सुनवाई के समय उपस्थित हुआ । आयोग ने लोक सूचना अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी को दोषी मानते हुए दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया है । जुर्माना राशि दोषी कर्मचारी के वेतन से काटकर आदेश प्राप्ति के 30 दिन में जमा करवाने को कहा ।

आयोग ने प्रत्यर्थी का यह कृत्य सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रति उपेक्षा का प्रतीक माना है और इस स्थिति में अधिनियम 2005 की धारा 20 / 2 में विहित विभागीय कार्रवाई का प्रावधान स्वत आकर्षित होता है। निदेशक स्थानीय निकाय विभाग जयपुर को निर्देशित किया जाता है कि वह कर्मचारी पर लागू विभागीय नियमों के तहत अनुशानात्मक कार्यवाही करें एवं कार्यवाही के परिणाम का अंकन सेवा अभिलेख में किया जाए।

सैनी ने बताया कि नगर पालिका नीमकाथाना में अवैध निर्माण संबंधित सूचनाओं के लिए 18 जून 2021 को आवेदन दिया था लेकिन लोक सूचना अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी सूर्यकांत शर्मा ने सूचना देना ही उचित नहीं समझा। सूचना नहीं मिलने पर प्रथम अपील पश्चात भी किसी प्रकार की सूचना नहीं मिलने पर आयोग के समक्ष द्वितीय अपील पेश की। अपील की सुनवाई करते हुए सूचना आयुक्त ने अपीलार्थी को निशुल्क सूचना दस्तावेज उपलब्ध करवाने के 19 जुलाई 2023 को आदेश दिए लेकिन प्रत्यर्थी शर्मा द्वारा आदेश की पालना नहीं की गई ।लोक आदेश की पालना नहीं किए जाने की स्थिति में आवेदक ने अवमानना परिवार धारा 18 पेश किया जिसकी सुनवाई करते हुए सूचना आयुक्त मोहनलाल लाठर ने दो हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए दंडित किया तथा वेतन से पैसा काटकर आयोग कार्यालय में जमा करवाने के आदेश दिये है।

- **नीमकाथाना से क्षेत्र में अवैध निर्माण के पांच बिंदुओं पर सूचना चाही गई थी।**

## प्राचार्य को कुलपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**चूरू, (कासं.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चूरू द्वारा शनिवार को राजकीय विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. सैनी को ज्ञापन सौंपकर परीक्षा शुल्क कम करने की मांग की गई है। जिला संयोजक लक्ष्मण प्रजापत ने बताया कि डॉ. भीम राव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा 23 अप्रैल 2024 से परीक्षा फॉर्म सत्र 2023-24 प्रारम्भ किये गए हैं, उक्त परीक्षा फॉर्म में विधि विद्यार्थियों के लिए जो शुल्क तय किया गया है, वह बहुत ज्यादा है। वर्तमान में किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रकार से इतनी अधिक फीस परीक्षा शुल्क के रूप में नहीं ली जा रही है। नगर मंत्री नीरज चौधरी ने कहा कि परीक्षा शुल्क को कम किया जाये, ताकि किसी भी विद्यार्थी को वसूली नहीं लगे। साथ ही जिन विद्यार्थियों ने परीक्षा शुल्क जमा करवा दिया है, उन्हें परीक्षा शुल्क कम कर शुल्क वापस किया जाये, अन्यथा विद्यार्थी परिषद आंदोलनात्मक कदम उठाने को लेकर बाध्य होगी। इस मौके पर जिला एसएफएस संयोजक विवेकानंद स्वामी, प्रकाश सिंह, सुनील कुमार, मुकेश पूनिया, पीयूष लाटा, हितेश रांकावत आदि उपस्थित थे।

- **परीक्षा शुल्क कम करने की मांग**

## सार-समाचार

### 20 बोरी हुई नष्ट, करीब 50 हजार का नुकसान

**चिड़ावा।** शहर के रेलवे स्टेशन के पास स्थित रीको में आज राहुल ट्रेडिंग कंपनी के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी। कंपनी मालिक कृष्ण कुमार बाछूका को सूचना लगी तो वे मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड खराब, पिलानी से मंगवाई:-आग की सूचना चिड़ावा नगरपालिका में दी गई। लेकिन यहां बताया गया कि फायर ब्रिगेड गाड़ी खराब है। जिसके बाद पिलानी से फायर ब्रिगेड मंगवाई गई। लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड गाड़ी पहुंची, तब तक लोगों ने मिलकर पानी डालकर आग को काबू कर लिया। इस घटना को लेकर गोदाम मालिक कृष्ण कुमार बाछूका ने बताया कि गोदाम में लाल मिर्ची की करीब पचास बोरी पड़ी थी। इनमें से करीब बीस बोरी मिर्ची आग में स्वाहा हो गई। ऐसे में करीब 50 हजार रुपए के आसपास का नुकसान हो गया।

### क्लब में होगा सुविधाओं का विस्तार

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय के ऑफिसर्स क्लब का जल्द ही विकास करवाया जाएगा। इस संबंध में शनिवार को जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल व अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया ने क्लब की विजिट की और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान जिला कलेक्टर ने नगर परिषद आयुक्त अनिता खीचड़ को क्लब का डवलपमेंट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।

### तहसीलदार ने किया स्कूल का निरीक्षण

**झुंझुनूं,।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार पिलानी तहसीलदार कमलदीप पूनियां ने शनिवार को राउमावि में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 18 में से 15 अध्यापक उपस्थित पाए गए। वहीं 3 अवकाश पर मिले। विद्यालय में अन्य सभी व्यवस्थाएं सुचारू पाई गई। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थित कम रही, जिस तहसीलदार पूनियां ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# तलवार लहराने पर पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** सिद्धमुख तहसील के गांव भटोड में शनिवार दोपहर को दिनदहाडे बिना किसी डर भय के हाथ में तलवार लहराते हुए शनिवार को सिद्धमुख थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वहीं कार्यवाही के दौरान आरोपी को पुलिस की ओर से समझाने पर वह मारपीट पर उतारू हो गया। सिद्धमुख थानाधिकारी रामकरण सिद्धू ने बताया कि गश्त के दौरान सिद्धमुख थाना पुलिस शनिवार दोपहर 1.00 बजे के लगभग गांव भटोड पहुंची, तो बस स्टैंड के पास सडक आम पर एक व्यक्ति अपने दाहिने हाथ में लोहे की तलवार लेकर हवा में लहरा रहा था और हो हल्ला कर रहा था। जिस पर पुलिस ने युवक को शांत होने के लिए समझाया तो वह शांत नहीं हुआ तथा उग्र होकर तलवार को हवा में लहराने लगा। तथा मारपीट पर उतारू हो गया। जिस पर पुलिस ने आरोपी को काबू कर नाम पता पूछा तो अपना नाम राजेश कुमार धानक उम्र 21 साल निवासी भटोड होना बताया तथा आरोपी के पास तलवार के संबन्ध में लाइसेंस वगैरह कुछ नहीं था। पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हथियार को लहराने तथा लोगों को डराने के आरोप में राजेश कुमार धानक को गिरफ्तार कर लिया तथा तलवार को जप्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भटोड गांव में बिना किसी डर भय के तलवार लहराने पर सिद्धमुख थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी राजेश कुमार धानक

- **तलवार को किया जप्त, मामला दर्ज**

# श्याम मंदिर निर्माण में 7 लाख रुपये दिए

**रतनगढ़, (निसं)।** सिद्ध पीठ श्री तालवाले बालाजी श्याम जी मंदिर निर्माण समिति के तत्वावधान में मंदिर प्रांगण में श्री श्याम मंदिर का नवनिर्माण कार्य प्रगति पर है समिति को मंदिर निर्माण के लिए नगर के वासी और प्रवासी बंधु मुक्तहस्त से अपना योगदान दे रहे हैं ।देव मंदिर के निर्माण कार्य में दान देने से अनेक पीढ़ियों का उद्धार हो जाता है ।मन पवित्र होता है और परमात्मा की उस पर विशेष कृपा होती है। श्याम मंदिर के प्रांगण में आज नॉर्थ ईस्ट जॉन जाट महासभा के अध्यक्ष गणेशाराम चाहर कागड़ निवासी ने तीन लाख रुपए का योगदान दिया ।इसी क्रम में स्व. तिलोकचंद चौधरी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र राजेंद्र ,मनोज, अशोक, कृष्णकुमार चौधरी ने एक लाख 11हजार, स्वर्गीय सांवरमल पोद्दार की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र रामगोपाल, श्यामसुंदर, पवनकुमार पोद्दार ने दो लाख 21 हज़ार रुपए,स्वर्गीय मगतूराम सराफ की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र अशोककुमार, दिनेशकुमार सराफ ने एक लाख 11 हज़ार रुपए का निर्माण कार्य में सहयोग प्रदान किया ।मंदिर समिति की ओर से सभी दानदाताओं को दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी रवि इंदौरिया निर्माण समिति के गिरधारी लाल बाजोरिया महेश कुमार रघुनंदन धरेंद्र, सुशील इंदोरिया ओम सारस्वत उपस्थित थे।

- **श्याम जी मंदिर निर्माण समिति के तत्वावधान में मंदिर प्रांगण में श्री श्याम मंदिर का नवनिर्माण कार्य प्रगति पर है**

श्री श्याम मंदिर का नवनिर्माण कार्य प्रगति पर है।

## 18 जून को लद्दाख के लिये रवाना होगा दल

**बीकानेर, (कासं)।** हिमालय परिवार का दल 18 जून को बीकानेर से आगामी सिंधु दर्शन यात्रा हेतु रवाना होगा। महासचिव आर. के. शर्मा ने बताया कि सिंधु दर्शन यात्रा हेतु ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है। दल के सदस्य कुरू॰क्षेत्र से बस द्वारा मनाली मार्ग से लेह पहुंचेगा। वापसी में दल के सदस्य कारगिल व श्रीनगर मार्ग से जम्मू पहुचेंगे तथा रेल मार्ग से वापस बीकानेर लौटेंगे। जिलाध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने बताया कि दल के सदस्य लेह में होने वाली सिंधु आरती में शामिल होंगे तथा चार दिन के प्रवास में पेंगांग लेक का भ्रमण भी करेंगे।


### नाम परिवर्तन

मैंने मेरी पत्नी का नाम Kulvinder के स्थान पर पार्वती (Parwati) पत्नि हनुमान प्रसाद जाट रख लिया है भविष्य में इसे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे व मेरे पुत्र सुभाष की जन्म तिथी विद्यालय रिकार्ड में भूलवंश 20.09.2007 दर्ज करवा दी जो गलत है। जबकि जन्म प्रमाण पत्र में 20.09.2010 दर्ज जो की सही है उपरोक्त दोनों के संबंध में कोई वाद-विवाद होने पर समस्त जिम्मेवारी मेरी होगी। हनुमान प्रसाद पुत्र नथूराम जाट निवासी लूणासर त. भानीपुरा जिला चूरू

मैंने मेरा नाम राजेश देवी स्वामी पत्नी जयलाल स्वामी से बदलकर राजादेवी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें। राजा देवी पत्नी जयलाल स्वामी, भादासर दिखनाडा त. सरदार शहर, चूरू


## विद्यालय में वाटर कूलर, साउंड सिस्टम प्रदान किया

**रतनगढ़, (निसं)।** देवकिशन स्मृति सेवा समिति के तत्वावधान में आज सांवरमल जांगिड योगाचार्य के परिवार के सौजन्य से हरिदास की ढाणी स्थिति संत हरिदास उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को शीतल जल की सुविधा हेतू एक वाटर कूलर, प्रार्थना व कार्यक्रमों के सुगम आयोजन हेतु आहुजा कम्पनी का साउंड सिस्टम तथा प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के बैठने हेतु 25 दरी पांतिया प्रदान की गयी।सीताराम जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विधालय परिवार द्वारा समिति के सदस्यों का तिलकार्चन व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।अपने सम्बोधन में सांवरमल जांगिड ने विश्वास जताया कि शाला द्वारा उपलब्ध करवाए गये संशाधनों का समुचित उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बच्चों को योग के माध्यम से स्वस्थ्य रहने की सलाह दी। प्रधानाचार्य ने समिति एवं सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन व बहुमूल्य सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इससे पूर्व समिति के सदस्य भुवनेश कुमार इन्दौरिया सीए की माताजी की पुण्य तिथि पर श्री कृष्ण पींजरापोल गौशाला व चिकित्सालय में गौवंश को लापसी खिलाई गयी।इस अवसर पर समिति के विश्वनाथ सोनी, सीताराम जांगिड़, नरोत्तम लाल सोनी, अनूप जोशी, सांवरमल जांगिड, भुवनेश कुमार इन्दौरिया, दिनेश भाटी, सचिन दाधीच व गौशाला समिति के सदस्य उपस्थिति थे।

# गड्ढे में तब्दील सड़क पर पलटी पशुचारे से भरी पिकअप जीप, दुकानदारों ने बचाया चालक को

**सादुलपुर, ( निसं)।** सादुलपुर हिसार सडक पर स्थित लॉर्ड्स स्कूल के सामने गढों में तब्दील सडक पर शनिवार को एक पशु चारे से भरी पिकअप जीप पलट गई। घटना के बाद दुकानदारों ने जीप चालक को तो बचा लिया। लेकिन आए दिन हो रहे हादसों के विरोध में सडक जाम कर सार्वजनिक निर्माण विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि गढों में तब्दील सडक के कारण पिकअप जीप की स्पीड कम थी। जिसके कारण बडा हादसा होते-होते टल गया। पाँच रोज पहले भी सडक पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए थे।

सुबह 10.00 बजे लगभग पशु चारे से भरी पिकअप जीप अंबेडकर सर्किल की ओर जा रही थी। जैसे ही लॉर्डर्स स्कूल के रास्ते पर पहुंची तो गड्ढों में तब्दील सडक पर पिकअप जीप का एक्सल टूट गया और जीप पलट गई। यह स्थिति देखकर दुकानदारों ने जीप चालक को बचा लिया। दोपहर को जीप चालक ने जैसे तैसे जेसीबी मशीन से जीप को खडा किया तथा एक्सेल बदलकर रवाना होने लगा तो जीप का सडक पर बने गड्ढों में संतुलन नहीं बना और जीप फिर पलट गई। लेकिन जीप में पशु चारा भरा होने के कारण जीप की बॉडी सडक पर नहीं टिकी, जिसके कारण चालक बाल-बाल फिर बच गया। पीडित जीप चालक ने बताया कि दो पैसों की मजदूरी के लिए हरियाणा के फतेहाबाद से पशु चारा भरकर सादुलपुर में बिक्री करने के लिए लाया था। लेकिन क्षत्रिग्रस्त सडक के कारण जीप पलट गई। पीडित ने बताया कि जीप का नुकसान होने के साथ-साथ पशु चारा भी खराब हो गया। तथा जीप की टंकी क्षतिग्रस्त होने से छः हजार का डीजल व्यर्थ बह गया तथा 1० हजार रूपये की लागत का एक्सल टूट गया। इसके नुकसान की भरपाई उसके लिए होना मुश्किल है। तथा घटना के बाद ना तो पुलिस पहुंची और ना ही प्रशासन के अधिकारी मौके पर आए।

जिला परिषद सदस्य जगदीश सहारण, अनिल साहरण, कृष्ण सांगवान, सतीश बरबड, जयप्रकाश, सुरेश कुमार मेघवाल, अनिल कोठारी, सुनील साहरण, सुनील कोठारी, कृष्णा पूनिया, अमित शर्मा व अनूप पूनिया आदि दर्जनों लोग सडक का नवनिर्माण करने तथा गंदे पानी की निकासी की समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग को लेकर सडक जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। लगभग एक घंटे से भी अधिक समय तक सांकेतिक विरोध प्रदर्शन के दौरान दुकानदारों ने कहा कि समय रहते विभाग की ओर से कार्रवाई नहीं हुई तो अगले सप्ताह से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू करने को मजबूर होंगे। दुकानदारों ने कहा कि विभाग की लापरवाही का दंश दुकानदारों सहित आमजन एवं स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों तथा वाहन चालकों को भुगतना पड रहा है। वहीं शाम 5.०० बजे के लगभग पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तो दुकानदारों और आमजन के रोष का सामना करना पडा। विभाग के सहायक अभियंता ने कहा कि तीन माह पहले ही सडक पर पेचवर्क किया हुआ है जिस पर लोग आक्रोशित हो गए और कहा कि गत सालों में पेचवर्क होना दूर की बात सडक पर मिट्टी तक नहीं डाली गई। जिस पर विभाग के सहायक अभियंता ने कहा कि प्रपोजल भेजा हुआ है, मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद दुकानदारों ने आगामी सप्ताह तक कार्रवाई नहीं होने पर धरना प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी तथा सडक जाम प्रदर्शन वापस लिया।

लार्ड्स स्कूल के सामने पानी की निकासी अभाव में सडक पर बने गड्ढो के कारण सडक पर पलटी पीकअप जीप।

- **घटना के विरोध में सडक जाम कर किया विरोध प्रदर्शन**
- **दुकानदार बोले रोज हो रहे हैं हादसे फिर भी सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से नहीं हो रही कार्रवाई**

## ब्लड कैंसर छात्रा के परिजनों को सहायता राशि भेंट की

**पाटन, (निसं)।** कस्बे में स्थित श्रीमती जमुना देवी बालिका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 10 वीं की छात्रा अजूबा खान पुत्री रफीक खान राणा निवासी वार्ड नंबर चार पाटन को ब्लड कैंसर हो गया है तथा जिसका इलाज दीप हॉस्पिटल, खातीपुरा, जयपुर में चल रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए विद्यालय परिवार एवं विद्यालय की छात्राओं ने अजूबा खान के उपचार हेतु 15340/ रुपए एकत्रित कर उसकी मां को भेंट किए हैं। लड़की के पिता ने बताया की बेटी को ब्लड कैंसर होने के बाद से ही उसके उपचार के लिए जयपुर आ गया जिस कारण रोजगार भी हाथ से चला गया। बेरोज़गारी के चलते परिवार की स्थिति दयनीय हो गई है। विद्यालय स्टाफ एवं छात्राओं को पता चलने पर उन्होंने बहुत सराहनीय कदम उठाते हुए परिवार के लिए एक छोटी सी मदद की है। व्याख्याता सुमेर सिंह ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है।इस दौरान व्याख्याता सुमेर सिंह, बाबूलाल सैनी, अनीता, सरिता, मधुबाला, ज्ञानचंद गुर्जर, कृष्ण कुमार, सुभाष सहित विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।


### बेदखली सूचना

मनके सीताराम उम्र 59 साल पुत्र श्री बनवारी लाल व प्रमेश्वरी उम्र 54 साल पत्नी श्री सीताराम जाति खटीक निवासी वार्ड नं. 23 मौहल्ला खटिकों का राजगढ़ तहसील राजगढ़ जिला चूरू के स्थाई निवासी है। जो निचे लिखे तथ्य शपथ पूर्वक ब्यान करते है:- यह है कि हमारा पुत्र विकेश कुमार उम्र 32 साल एक आवारा प्रवृति का है। जो कोई काम धन्धा नहीं करता है व नशा करता है एवं जुआ सट्टा खेलता है। जो हमारे कहने में नही चलता है। जो हमारे व हमारे परिवार के साथ आये दिन झगड़ा करता रहता है। यह है कि हमारे पुत्र विकेश कुमार से हमारे व हमारे परिवार के साथ कोई किसी तरह का लेन देन नहीं है और हमारे पुत्र विकेश कुमार के साथ आज दिनांक 27.04.2024 के बाद हमारा व हमारे परिवार का कोई संबंध नहीं रहा है। यह कि हम हमारे पुत्र विकेश कुमार को आज दिनांक 27.04.2024 को हमारी चल व अचल सम्पती से बेदखल करते है। यह है कि हमारा पुत्र विकेश कुमार अगर भविष्य में हमारे व हमारे परिवार के नाम से कोई किसी भी प्रकार का किसी के साथ कोई लेन देन करता है तो उसका जिम्मेवार हमारा पुत्र विकेश कुमार होगा और अन्य किसी प्रकार का अनैतीक कार्य करता है तो उसका जिम्मेवार वो स्वयं होगा, इसके लिए हम व हमारे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेवार नहीं होगा। यह है कि हम और हमारा परिवार हमारे पुत्र विकेश कुमार के साथ आज दिनांक 27.04.2024 को सभी प्रकार के रिश्ते नाते खत्म करते है व हमारे पुत्र विकेश कुमार को बेदखल करते है। यह कि हमारे पुत्र विकेश कुमार के साथ अन्य कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का सम्बन्ध रखता है तो उसकी समस्त जिम्मेवारी संबंध रखने वाले की होगी हमारी व हमारे परिवार की कोई भी किसी भी प्रकार की जिम्मेवारी नही होगी।

दिनांक-27.04.2024

**शपथग्रहिता/सूचनाकर्ता**
**सीताराम पुत्र श्री बनवारी लाल व प्रमेश्वरी पत्नी श्री सीताराम, जाति खटीक निवासी वार्ड नं.23 मौहल्ला खटिकों का राजगढ तहसील राजगढ जिला चूरू**